तापमान
अधिकतम 32.8 डिग्री
न्यूनतम 22.5 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि

रोहतक, शनिवार, 3 मई, 2025

11 बिजली आपूर्ति ठीक कर लाइट लगाने और शौचालय..



12 किसानों ने की सीएम से पांच मांगे पूरी करने की मांग..



## खबर संक्षेप

### आफत की आंधी से क्षेत्र की बिजली धड़ाम

**गोहाना।** गुरुवार रात को आई आंधी व वर्षा के दौरान क्षेत्र में 20 खंभे टूट व गिर गए। इससे तीन सब स्टेशनों के अंतर्गत आने वाले विभिन्न गांवों में बिजली सप्लाई बाधित हुई। प्रभावित क्षेत्र में लगभग नौ घंटे बाद बिजली सप्लाई बाधित हो पाई।

आंधी में गांव बुटाना, रामगढ़ व मुडलाना के बिजलीघरों की लाइनों पर अधिक नुकसान हुआ। गांव मोहाना स्थित 220 केवी के बिजलीघर से गांव मुंडलाना के बिजलीघर तक आने वाली मुख्य लाइन में तकनीकी कमी आने से बिजली बाधित हुई।

### चोरी की गई बाइक के साथ आरोपित गिरफ्तार

**गोहाना।** थाना शहर गोहाना की पुलिस ने बाइक चोरी करने की घटना मे संलिप्त आरोपित को चोरी की गई बाइक के साथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपित गांव गढ़ी उजाले खां निवासी जय भगवान पुत्र प्रेम सिंह है। 11 मार्च को गांव गढ़ी उजाले खां निवासी जय भगवान पुत्र ओम प्रकाश ने थाना शहर गोहाना मे बाइक चोरी की शिकायत दी थी। उसने अपने मकान के पीछे गली में बाइक को खड़ा किया था जिसे चुरा लिया गया था। पुलिस ने इस घटना में उक्त आरोपित को गिरफ्तार करके उससे चोरी की गई बाइक भी बरामद कर ली गई।

### हमलावर युवकों ने दंपति को लाठी डंडों से पीटा

**खरखौदा।** रामपुर गांव के निवासी ने गांव के ही कुछ युवकों पर घर में घुसकर उनके साथ मारपीट करने का आरोप लगाया है। सुनील की शिकायत पर सैदपुर चौकी पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। सुनील का कहना है कि वह परिवार सहित घर पर सो रहा था। रात करीब ढ़ाई बजे उसके बेटे का नाम लेकर कोई बाहर आवाज लगा रहा था। ऐसे में वह उठा और घर का मुख्य दरवाजा खोला। निजामपुर खुर्द का रहने वाला मनजीत अपने तीन-चार साथियों के साथ खड़ा था।

## 40 किमी/घंटे से चली आंधी ने उखेड़ दिए सैकड़ों पेड़, तेज बारिश से शहर जलमग्न

# बे-मौसम बारिश के साथ आई आंधी ने मचाई तबाही, 75 खंभे टूटे, 5 ट्रांस्फार्मर धराशायी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिले में वीरवार देर रात तेज आंधी और बारिश हुई। बारिश से जहां तापमान में कमी दर्ज की गई, वहीं आंधी आफत बन आई। 40 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से चली आंधी की वजह से जिले में 75 खंभे और पांच ट्रांसफार्मर गिर गए। इसके अलावा 150 पेड़ भी उखड़/टूटकर गिर गए। तेज आंधी की वजह से हुए नुकसान के कारण सबसे अधिक बिजली प्रभावित रही। विशेषतौर पर ग्रामीण क्षेत्रों में तो 16 घंटों के बाद बिजली आपूर्ति सुचारू हो पाई। वहीं बारिश के चलते मौसम में गर्मी के तेवर थोड़े कम हुए और अधिकतम व न्यूनतम तापमान में सात डिग्री तक की कमी दर्ज की गई। जिले में औसतन 6 एमएम बारिश दर्ज की गई। सबसे अधिक बारिश सोनीपत खंड में दर्ज की गई है। आंधी और बारिश की वजह से कई घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। तेज हवाओं के चलते जिले में अलग-अलग स्थानों 75 खंभे टूट गए तो पांच ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हो गए।



शनि मंदिर के पास बारिश से हुआ जलभराव।



**सोनीपत।** ट्रांसफार्मर की तारें जोड़ते हुए बिजली कर्मी।

### दर्ज की गईं 750 बिजली की शिकायतें

बिजली गुल होने पर लोग अधिकारियों को कॉल करते रहे। शुक्रवार शाम चार बजे तक करीब 750 शिकायतें दर्ज की जा सकी। कई इलाकों में बिजली करीब चार घंटे बाद बहाल हो गई तो ग्रामीण क्षेत्र समेत सभी जिले बिजली आपूर्ति सुचारू होने में 16 घंटे लग गए। आंधी के बाद बिजली निगम के कर्मचारी लाइनों में फाल्ट ढूंढते रहे। बिजली लाइन को दुरुस्त करने में समय लगा। कुछ बाद कई इलाकों में बिजली सुचारू हुई, लेकिन वहां भी बार-बार कट लग रहे थे। बिजली निगम की तरफ से पहले घरेलू फीडरों के टूटे खंभों को बदला गया। बाद में कृषि फीडरों की लाइनों पर काम किया जाएगा। अधिकारियों के अनुसार दो दिन में सभी खंभों को बदल दिया जाएगा।

### 7 डिग्री तक गिरा तापमान

आंधी के साथ आई हल्की बारिश का सिलसिला देर रात से शुक्रवार सुबह दस बजे तक रुक-रुक कर जारी रहा। उसके बाद भी आसमान में हल्के बादल छाए रहे। बारिश के चलते अधिकतम व न्यूनतम तापमान में सात डिग्री तक की गिरावट आई है। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 27.8 डिग्री व न्यूनतम तापमान 19.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। एक दिन पहले जिले का अधिकतम तापमान 35.5 डिग्री व न्यूनतम तापमान 25.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। औसतन 5.4 एमएम बारिश दर्ज की गई। रात करीब साढ़े 12 बजे जिले में 35 से 40 किलोमीटर प्रति घंटा की गति से आंधी आई।

### फिर हो सकती है बारिश

शुक्रवार को हुई हल्की बारिश से खरीफ सीजन की तैयारियों में जुटे किसानों को फायदा पहुंचेगा। किसान अब खेतों की जुताई बेहतर ढंग से कर पाएंगे। यही नहीं खेतों में फसल अवशेषों में आगजनी की घटना रुकेगी। मक्का व ज्वार की फसलों की बिजाई सप्ताह भर पहले हो जाएगी।

### कुछ इस तरह बरसे मेघा

| खंड | बारिश (एमएम में) |
|---|---|
| सोनीपत | 12 |
| गन्नौर | 10 |
| गोहाना | 7 |
| खरखौदा | 3 |
| खानपुर कलां | 2 |
| राई | 2 |

- सोनीपत में सबसे अधिक दर्ज की गई बारिश
- मौसम विभाग का अनुमान दो दिन और हो सकती है बारिश

### मानसून से पहले हो नालों की सफाई

आम आदमी पार्टी के सोनीपत लोकसभा क्षेत्र अध्यक्ष देवेंद्र गौतम ने जिला प्रशासन से मांग की है कि मानसून से पहले नालों व सीवरेज लाइनों की सफाई सुनिश्चित करवाई जाए। उन्होंने कहा कि हल्की बारिश से ही शहर के कई क्षेत्रों में जलभराव की समस्या पैदा हो जाती है। प्रशासन को गंभीरता से सफाई करानी चाहिए, क्योंकि हर साल बारिश की वजह से सोनीपत में जगह-जगह जलभराव हो जाता है।

### ठप्प रहीं बिजली की सेवाएं

बता दें कि वीरवार देर रात करीब 12 बजे अचानक से तेज आंधी आई। जिसके कुछ देर बाद ही बारिश शुरू हो गई। आंधी और बारिश की वजह से कई घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। तेज हवाओं के चलते जिले में अलग-अलग स्थानों 75 खंभे टूट गए तो पांच ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हो गए। इससे बिजली निगम को करीब 10 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। आंधी की वजह से अलग-अलग स्थानों पर 150 पेड़ गिरने और विद्युत लाइनों में फाल्ट आने से बिजली आपूर्ति ठप रही।

### गर्मी से मिलेगी राहत

पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की वजह से मौसम में बदलाव हुआ है। आंधी को लेकर पहले ही अलर्ट जारी कर दिया गया था। मौसम का यह मिजाज अगले कई दिनों तक बना रह सकता है। इससे गर्मी से लोगों को राहत मिलेगी। रात के समय तेज हवा चल सकती हैं।

डॉ. प्रेमदीप, मौसम विज्ञानी, केवीके सोनीपत।

## हथियार के बल पर गाड़ी छीनने का आरोपित काबू

- आरोपित पर 5 हजार रुपये का रखा गया था इनाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

क्राइम यूनिट गोहाना की पुलिस टीम ने हथियार के बल पर गाड़ी छीनने के आरोपित को गिरफ्तार कर लियाा। आरोपित पर 5 हजार रुपये का इनाम था। गिरफ्तार आरोपित जयसिंह पुरा, असंध व हाल जिला जींद के गांव शामलो खुर्द निवासी साहिल उर्फ गांधी पुत्र सतबीर है। पुलिस द्वारा आरोपित को न्यायालय में पेश किया जाएगा।

जिला जींद के गांव भम्भेवा निवासी अजय पुत्र जगबीर 21 सितम्बर 2024 की सायं अपनी गाड़ी में गोहाना से अपने गांव जा रहा था। रास्ते में गांव नूरनखेड़ा के पास जम्मू-कटरा मार्ग के पास ब्रेकर पर दो युवक गाड़ी के नजदीक आए और खिडक़ी खोलकर हथियार के बल पर गाड़ी छीनकर ले गए। गाड़ी में अजय का मोबाइल फोन और लैपटॉप भी रिखा हुआ था। इस घटना में बरोदा थाना पुलिस एक आरोपित अंकित उर्फ पहलवान पुत्र नौरंग निवासी दिपालपुर जिला सोनीपत को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। अब पुलिस ने इस घटना में उक्त दूसरे आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। इस आरोपित पर पांच हजार रुपये का इनाम था।

## जिला परियोजना संयोजक ने किया मुरथल स्कूल का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत जिला सहायक परियोजना संयोजक सुजाता खत्री द्वारा पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मुरथल का औचक निरीक्षण किया गया। उनके साथ एपीसी-1 रूपेंद्र पूनिया, डॉ. अत्तर सिंह, उपमंडल अभियंता सुमेर सिंह तथा लेखाकार निर्मल भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान एनएसक्यूएफ की फाइन आर्ट्स लैब एवं स्पोर्ट्स लैब, हर्बल गार्डन, यूथ एंड इको क्लब, साइंस-मैथ्स कॉर्नर, होम साइंस लैब तथा किचन गार्डन का गहन अवलोकन किया गया। संबंधित ग्रांट्स, रजिस्टर व रिकॉर्ड्स की जांच में सभी दस्तावेज उचित एवं व्यवस्थित पाए गए। खत्री ने शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया का कक्षा में अवलोकन किया और आवश्यक सुधार हेतु सुझाव दिए। उन्होंने विद्यालय में छात्र संख्या में 50 विद्यार्थियों की वृद्धि को उपलब्धि बताया। अंत में सुजाता खत्री ने बताया कि भविष्य में भी ऐसे औचक निरीक्षण जारी रहेंगे तथा एनएसक्यूएफ के अंतर्गत खंड स्तरीय प्रतियोगिताएं एवं आर्ट व कल्चर एग्जीबिशन आयोजित कर बच्चों को स्वरोजगार की दिशा में प्रेरित किया जाएगा।



**सोनीपत।** पीएम श्री स्कूल में निरीक्षण के लिये पहुंचीं जिला सहायक परियोजना अधिकारी साथ में अन्य। फोटो : हरिभूमि

## आंधी में फसल खरीद केंद्रों के तिरपाल उड़े, भीगा गेहूं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

गुरुवार रात को आई आंधी के दौरान अनाज मंडी और ग्रामीण फसल खरीद केंद्रों में तिरपाल उड़ गए और उसके बाद हुई वर्षा के बाद गेहूं भीग गया। शुक्रवार सुबह भी वर्षा हुई। क्षेत्र में सात एमएम वर्षा हुई, इससे लगभग छह हजार क्विंटल गेहूं भीग गया। सुबह ही वर्षा रुकने के बाद आढ़तियों ने राहत की सांस ली। मौसम साफ होने के बाद भीगे गए गेहूं को सूखाने के लिए फैलाया गया। आढ़तियों ने कहा कि एजेंसियों द्वारा खरीद के बाद देर से गेहूं का उठान कराया जा रहा है। उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने अधिकारियों के साथ अनाज मंडी और गोदाम में पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशानिर्देश दिए।

गुरुवार रात लगभग डेढ़ बजे अचानक आंधी शुरू हुई। आंधी में अनाज मंडी और ग्रामीण केंद्रों में गेहूं से भरी बोरियों पर ढके गए तिरपाल उड़ गए। आंधी शुरू होने के लगभग दो घंटे बाद वर्षा भी होने लगी। रात को श्रमिक सो रहे थे, जिसके चलते वे काफी जगह समय पर तिरपालों को दोबारा नहीं ढक पाए। शुक्रवार सुबह तक रुक-रुक कर वर्षा हुई। इससे गेहूं भीग गया। शुक्रवार को दिन चढने के साथ ही मौसम साफ होता चला गया, जिसके बाद भीगे गए गेहूं को सूखाने के लिए फैलाया गया।

## बैंक्वेट हॉल के अंदर महिला से मंगलसूत्र झपटा, बाहर से बाइक हुई चोरी, मुकदमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

मुरथल रोड स्थित बैंक्वेट हॉल में शादी समारोह के दौरान एक महिला के गले से सोने का मंगलसूत्र झपटने का मामला सामने आया है। महिला परिवार के साथ आई थी, इस दौरान झपटमार का एक साथी पकड़ा गया। उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया। जिस बैंक्वेट हाल में झपटमारी की वारदात हुई है उसके बाहर से एक बाइक भी चोरी की गई है। पुलिस दोनों मामलों की जांच कर रही है।

गांव रोहट निवासी नरेंद्र कुमार ने सेक्टर-27 थाना पुलिस को बताया कि पहली मई की रात को वह मुरथल रोड स्थित बैंक्वेट हॉल में आयोजित शादी समारोह में परिवार सहित आए थे। उनकी पुत्रवधू शालू खाना खा रही थी तो उसी दौरान दो युवक अचानक उनके पास आए। उनमें एक युवक ने पुत्रवधू के गले से मंगलसूत्र झपट लिया और भाग गया। उसके साथी को आस-पास मौजूद लोगों ने पकड़ लिया। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान ईदगाह कॉलोनी निवासी इरफान उर्फ सन्नू के रूप में हुई है। मामले के जांच अधिकारी एसआई नीरज ने बताया कि आरोपी को अदालत में पेश कर एक दिन के रिमांड पर लिया गया है।

### बैंक्वेट हॉल ds बाहर से चोरी हुई बाइक

मुरथल रोड स्थित जिस बैंक्वेट हॉल में झपटमारी हुई है उसके बाहर से एक युवक की बाइक चोरी हुई है। शिव कॉलोनी निवासी आशीष ने बताया कि वह शादी समारोह में आए है। बाहर आए तो उनकी बाइक चोरी मिली। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस वहां लगे सीसीटीवी की फुटेज लेकर चोर के बारे में पता लगाएगी।

## मृतक महिला के नाम रजिस्टर्ड प्लाट को बेचा, पति समेत आठ पर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

नीति आयोग दिल्ली में कार्यरत एक अधिकारी ने अपने पिता सहित अन्य पर उनकी दिवंगत मां के नाम रजिस्टर्ड प्लाट को धोखाधड़ी कर बेचने का आरोप लगाया है। थाना गन्नौर पुलिस ने इस संबंध में आठ व्यक्तियों पर केस दर्ज कर लिया है। शिकायत में नीति आयोग, दिल्ली में सहायक अनुभाग अधिकारी के पद पर कार्यरत दिल्ली निवासी अंकित यादव ने बताया कि उसकी माता हेमलता यादव की मृत्यु 4 दिसंबर 2008 को हो चुकी थी। इसके बावजूद 17 अक्टूबर 2012 को उनकी संपत्ति को एक महिला द्वारा हेमलता बनकर धोखाधड़ी से रजिस्ट्री कर बेच दिया गया। अंकित यादव ने अपने पिता धर्मबीर यादव पर इस प्लाट को धोखे से बेचने का आरोप लगाया। इस पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू की तो सामने आया कि हेमलता की मृत्यु के लगभग चार साल बाद गढ़ी केसरी स्थित प्लाट को फर्जी तरीके से कमला देवी नामक महिला के नाम करवा दिया गया। जांच में यह स्पष्ट हुआ कि हेमलता की जगह किसी अन्य महिला को खड़ा कर यह फर्जीवाड़ा किया गया।




### खरीद के लेकर किसानों को किसी भी प्रकार की न हो परेशानी

# उपायुक्त ने अनाज मंडी गोहाना का निरीक्षण कर अफसरों को गेहूं के उठान में तेजी लाने के निर्देश दिए

- खरीद के तुरंत बाद गेंहू का उठान करवाना सुनिश्चित करें : उपयुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने शुक्रवार को अनाज मंडी गोहाना, बरोदा रो स्थित वेयर हाउस व गांव रामगढ़ स्थित एफसीआई गोदाम का दौरा किया। जिला उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि खरीद के तुरंत बाद गेंहू का उठान करवाना सुनिश्चित करें ताकि मंडी में जगह खाली हो सके और खराब मौसम में फसल खराब न हो। उपायुक्त ने वेयर हाउस व एफसीआई के गोदामों का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि यहां पर आने वाली गाडियों को तुरंत खाली करवाने के लिए उचित लेबर की व्यवस्था सुनिश्चि करें ताकि उठान के कार्य में तेजी लाई जा सके। खानपुर खरीद केन्द्र के गेंहू को मुरथल स्थित गोदामों में भेजा जाए। इस दौरे में उपायुक्त के साथ एसडीएम अंजलि श्रोत्रिय, मार्केट कमेटी के सचिव सुरेश, एसडीओ अक्षय कुमार व प्रियव्रत और जेई विक्रम सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



**गोहाना।** उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार अनाजमंडी का दौरा करते हुए, साथ में हैं एसडीएम अंजलि श्रोत्रिय।

### ड्रेनों की सफाई समय पर करवाएं

इसके बाद उपायुक्त ने ड्रेन नंबर-8 का निरीक्षण करते हुए सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि आने वाले बरसाती मौसम की सभी तैयारियां अभी से शुरू कर दें। ड्रेनों की उचित सफाई करवाना सुनिश्चित करें ताकि बरसाती पानी की निकासी को लेकर किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन क्षेत्रों पर विशेष ध्यान रखें जहां पिछले वर्ष बरसात का पानी भरने से समस्या उत्पन्न हुई थी।



बंदर हमेशा केला छीलकर खाते हैं। किसी भी नस्ल का बंदर छिलके सहित केला नहीं खाता।



शेर को भले ही जंगल का राजा कहा जाता है, लेकिन वह गैंडे और हाथी से कभी भी लड़ना नहीं चाहता।



# अच्छी कमाई के लिए रोबोटिक इंजीनियरिंग में बनाएं करियर



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

रोबोटिक इंजीनियरिंग एक ऐसा कोर्स है जिसकी मौजूदा समय में काफी डिमांड बढ़ गई है। यह ऐसा कोर्स है, जिसको करने के बाद स्टूडेंट्स के लिए जॉब के काफी अवसर बढ़ जाते हैं, अच्छी बात यह है कि ये कोर्स आप देश और विदेश दोनों जगह से कर सकते हैं। इसमें खर्च भी बहुत अधिक नहीं आता है। जॉब और मुनाफे के लिहाज से भी इस कोर्स की काफी अहमियत है। आने वाला समय रोबोट का ही है। ऐसे में इस फील्ड में नौकरी के बहुत अच्छे अवसर मिलेंगे। ऐसे में इस खबर के जरिए हम आपको बताएंगे कि आखिर इस कोर्स को करने के लिए आपके पास क्या योग्यता होनी चाहिए और आप इसमें कैसे करियर बना सकते हैं।

## क्या है रोबोटिक इंजीनियरिंग

यह एक तरह का ऑटोमेटिक मैकेनिकल डिवाइस है, जो कंप्यूटर प्रोग्रामिंग या मशीनी प्रोग्रामिंग भाषा की सहायता से काम करता है। इस सिस्टम में सेंसर, कंट्रोल सिस्टम, पावर सप्लाई और सॉफ्टवेयर जैसी चीजें एक साथ वर्क करती हैं। अगर हम रोबोटिक्स इंजीनियरिंग की बात करें तो यह कई ब्रांचों से मिलकर बनी है। इसमें कंप्यूटर साइंस, इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियर और मैकेनिकल इंजीनियर मिलकर रोबोट के डिजाइन , कंस्ट्रक्शन , पावर सप्लाई , इन्फॉर्मेशन प्रोसेसिंग और सॉफ्टवेयर पर काम करता है।

### जरूरी योग्यता क्या हैं

रोबोटिक्स के क्षेत्र में अगर आप अपना करियर बनाना चाहते हैं तो 12वीं क्लास साइंस स्ट्रीम से करना होगा। इसके बाद आप मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल , बीई या कंप्यूटर साइंस जैसे कोर्स में एडमिशन ले सकते हैं। वहीं, बैचलर की डिग्री पूरी करने के बाद आप रोबोटिक्स में मास्टर्स डिग्री प्राप्त कर सकते हैं। इस क्षेत्र में अच्छा करियर बनाने के लिए आपको इलेक्ट्रिकल, मेकैनिकल और कंप्यूटर साइंस में जुड़ी अच्छी जानकारी होनी चाहिए। रोबोटिक कोर्स एक तरह से लॉन्गटर्म रिसर्च ओरिएंटिड कोर्स है। आप इस क्षेत्र से जुड़े कुछ शार्ट टर्म्स कोर्सेज जैसे आर्टिफिशल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स , एडवांस रोबोटिक्स सिस्टम भी करके अपना करियर बना सकते हैं।

## आखिर क्यों खास है यह कोर्स



रोबोटिक्स एंड ऑटोमेशन इंजीनियरिंग करने के बाद आपके पास अनगिनत जॉब के मौके होते हैं। ये कोर्स करने के बाद आप रोबोट के रिसर्च एंड डेवलपमेंट, रोबोट मैन्युफैक्चरिंग एंड टेस्टिंग, क्वालिटी कंट्रोल के सेक्टर में कार्य कर सकते हैं। यहां पर आप रोबॉटिक्स इंजीनियर, रोबॉटिक्स साइंटिस्ट, टेक्नीशियन के तौर पर जॉब कर सकते हैं। वहीं रोबोटिक्स में मास्टर डिग्री करने वाले छात्र इसरो और नासा जैसे अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन में जा सकते हैं। इस फील्ड के उम्मीदवारों को नासा के अलावा अन्य बहुत से प्राइवेट इंडस्ट्रीज, ऑटोमोबाइल्स और इंडस्ट्रीयल टूल्स में जॉब के अवसर मिलते हैं। इसके अलावा आप चाहें तो सेफ्टी रोबोटिक्स जैसे कि मिलिट्री या बम्ब निष्क्रिय करने वाले रोबोटिक्स के सेक्टर में भी करियर बना सकते हैं। इन जगहों पर आपको रोबोटिक्स प्रोग्रामर, रोबोटिक्स डिजाइन इंजीनियर, रोबोटिक्स सिस्टम इंजीनियर, रोबोट टेस्ट इंजीनियर, ऑटोमेटेड प्रोडक्ट डिजाइन इंजीनियर जैसे जॉब प्रोफाइल पर रहकर कार्य करना होगा।

## यहां-यहां कर सकते हैं कोर्स

रोबोटिक्स इंजीनियरिंग आप इंडिया में भी कर सकते हैं, क्योंकि यह कोर्स आईआईटी हैदराबाद, कानपुर, मुंबई, दिल्ली, गुवाहाटी, मद्रास, रूडक़ी सहित विदेश से भी कर सकते हैं। इसके लिए आप सबसे पहले यह स्टडी करें कि किस यूनिवर्सिटी से कोर्स करना चाहते हैं। वहां पाठ्यक्रम विवरण, निवास के लिए आवश्यक शर्तें और रोजगार परमिट, ट्यूशन खर्च और अन्य जानकारी सहित सभी प्रासंगिक जानकारी की जांच अवश्य कर लें।

| कॉलेज | शहर |
|---|---|
| इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी | कानपुर |
| इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी | हैदराबाद |
| इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी | रुड़की |
| एमिटी यूनिवर्सिटी | गुरुग्राम |
| मणिपाल इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी | मणिपाल |
| चिल्ड्रन्स यूनिवर्सिटी | वडोदरा |
| यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग | हैदराबाद |
| गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ यूनिवर्सिटी | दिल्ली |
| एनआईई मैसूर | मैसूर |
| पीएसजी कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी | कोयंबटूर |
| इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ इन्फॉर्मेशन | इलाहाबाद |

### जर्मनी से कर सकते हैं कम खर्च में डिग्री

जर्मनी में विश्वविद्यालय रोबोटिक्स में मास्टर डिग्री प्राप्त करने के इच्छुक भारतीय छात्रों सहित अंतरराष्ट्रीय छात्रों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा और रोजगार के अवसर प्रदान करते हैं। जर्मनी में, कई विश्वविद्यालय रोबोटिक्स कायक्रम में मास्टर्स डिग्री एमएस के लिए अच्छे अवसर हैं। रोबोटिक्स प्रोग्राम में जर्मन मास्टर का कोर्स दो साल तक चलता है और 5,000 से 20,000 यूरो के बीच खर्च होता है। यहां कोर्स करने के बाद छात्रों के लिए कॅरियर के अच्छे अवसर हैं।

### यहां मिलेंगे ये जॉब करने के अच्छे अवसर

रोबोटिक्स इंजीनियरिंग करने के बाद आपके लिए जॉब के कई अवसर खुल जाते हैं, आप सेफ्टी रोबोटिक्स में जैसे मिलिट्री या बम निष्क्रिय करने वाले सेक्टर में करियर बनाने के साथ ही रोबोटिक्स प्रोग्रामर, रोबोटिक्स डिजाइन इंजीनियरिंग, रोबोटिक्स सिस्टम इंजीनियर, रोबोट टेस्ट इंजीनियर, ऑटोमेटेड प्रोडक्ट डिजाइन इंजीनियर जैसे जॉब प्रोफाइल में रहकर काम करना होगा। रोबोटिक्स एंड ऑटोमेशन इंजीनियरिंग करने के बाद आपके पास जॉब के कई विकल्प होते हैं। यही कारण है कि अब रोबोटिक्स इंजीनियरिंग की डिमांड बढ़ती जा रही है। रोबोटिक्स इंजीनियरिंग एक हाई सैलरी प्रोफेशन है। रोबोटिक्स इंजीनियरिंग के बाद आपके पैकेज की शुरुआत प्रति वर्ष 10 लाख रुपये से 20 लाख रुपये प्रति वर्ष के बीच होती है, जो आपके अनुभव के अनुसार बढ़ती रहती है।

---

## तकनीकी उपकरणों से बातचीत के तरीकों में बढ़ाएं रुचि

# वॉइस यूजर इंटरफेस डिजाइनर ; शानदार करियर विकल्प, रचनात्मकता और तकनीकी ज्ञान का मेल

**डॉ. मोहित बंसल**

करियर कोच एवं मोटिवेशनल स्पीकर



यदि आप भी तकनीकी उपकरणों से बातचीत के नए तरीकों में रुचि रखते हैं और यह मानते हैं कि भविष्य में लोग स्क्रीन की बजाय अपनी आवाज़ से उपकरणों को संचालित करेंगे, तो वॉइस यूज़र इंटरफ़ेस डिज़ाइनर बनना एक शानदार करियर विकल्प हो सकता है। यह पेशा रचनात्मकता, भाषा और तकनीकी ज्ञान का मेल है, जो डिजिटल दुनिया को और अधिक मानवीय तथा सहज बनाता है। एक वॉइस यूज़र इंटरफ़ेस डिज़ाइनर का मुख्य कार्य यह सुनिश्चित करना होता है कि उपयोगकर्ता किसी मशीन या सॉफ़्टवेयर से स्वाभाविक और प्रभावी संवाद कर सके। वे यह तय करते हैं कि उपयोगकर्ता क्या बोलेंगे, प्रणाली कैसे समझेगी, और उसे कैसे उत्तर देना चाहिए। इसके लिए उन्हें उपयोगकर्ता अनुभव (यूएक्स), भाषाविज्ञान, मनोविज्ञान और कृत्रिम बुद्धिमत्ता का अच्छा ज्ञान होना चाहिए।

### प्रमुख कार्य क्षेत्र

- **स्मार्ट स्पीकर और डिजिटल सहायक** : जैसे अमेजन एलेक्सा, गूगल असिस्टेंट
- **स्वचालित वाहन प्रणालियां** : आवाज द्वारा कार को नियंत्रित करना
- **स्वास्थ्य सेवाएं** : रोगियों से वॉइस नोट लेना, दवा रिमाइंडर
- **ग्राहक सेवा केंद्र** : आवाज आधारित उत्तरदाता प्रणाली
- **शिक्षा और विशेष आवश्यकता वाले उपयोगकर्ता** : दृष्टिहीन या अशक्तजनों के लिए वॉइस टूल्स

### रोज़गार के अवसर

वॉइस यूजर इंटरफेस डिजाइन केवल तकनीकी कंपनियों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हेल्थकेयर, ऑटोमोबाइल, एजुकेशन, बैंकिंग, कस्टमर सर्विस और एंटरटेनमेंट जैसे अनेक क्षेत्रों में तेजी से फैल रहा है। जैसे-जैसे लोग वॉइस असिस्टेंट्स और स्मार्ट डिवाइसेज के जरिए तकनीक से जुड़ने लगे हैं, वैसे-वैसे इस क्षेत्र में विशेषज्ञों की मांग भी बढ़ती जा रही है। एक वॉइस यूआई डिजाइनर न केवल टेक्नोलॉजी कंपनियों में नौकरी कर सकता है, बल्कि स्वतंत्र कंसल्टेंट, स्टार्टअप संस्थापक या शोधकर्ता के रूप में भी अपनी भूमिका निभा सकता है। इस क्षेत्र में अनुभव के साथ आप प्रोडक्ट लीड, यूएक्स डायरेक्टर या एआई डिजाइन स्ट्रैटजिस्ट जैसी महत्वपूर्ण भूमिकाओं तक पहुँच सकते हैं।

## डिजिटल दुनिया को सहज बनाने में सक्षम



### तेज़ी से उभरता हुआ करियर

वॉइस यूज़र इंटरफ़ेस डिज़ाइन एक तेज़ी से उभरता हुआ और भविष्य-केन्द्रित क्षेत्र है, जिसमें संवाद, भाषा और तकनीकी समझ का अद्भुत मिश्रण होता है। यदि आप मानवीय अनुभव को तकनीकी दुनिया से जोड़ने में रुचि रखते हैं, तो यह करियर आपके लिए एक उपयुक्त विकल्प हो सकता है।

**सुझाव:** किसी भी करियर का चुनाव करने से पहले किसी योग्य करियर सलाहकार से सलाह जरूर लें। अधिक जानकारी के लिए आप www.career-jaano.com पर भी विज़िट कर सकते हैं।

### शिक्षा और योग्यता

**भाषा विज्ञान के संगम पर आधारित**

वॉइस यूजर इंटरफ़ेस डिज़ाइन एक ऐसा क्षेत्र है जो तकनीक, डिज़ाइन और भाषा विज्ञान के संगम पर आधारित है। इस क्षेत्र में सफल करियर के लिए केवल तकनीकी ज्ञान ही नहीं, बल्कि मानव व्यवहार, संवाद शैली और डिज़ाइन सोच की भी अच्छी समझ होना जरूरी है। इसलिए यह अनुशंसा की जाती है कि विद्यार्थी बहु-विषयक पढ़ाई करें, जिसमें कंप्यूटर विज्ञान, मानव-कंप्यूटर इंटरफ़ेस, भाषाविज्ञान, और डिज़ाइन जैसे विषय शामिल हों। आज कई अग्रणी संस्थान इन विषयों में विशेष पाठ्यक्रम (कोर्स) प्रदान करते हैं, जिससे छात्रों को इस क्षेत्र की ठोस नींव मिल सके। वॉइस यूज़र इंटरफ़ेस डिज़ाइन में करियर बनाने के लिए आप नीचे दिए गए विषयों में पढ़ाई कर सकते हैं।

### यह पढ़ाई करें

- उपयोगकर्ता अनुभव डिज़ाइन (यूएक्स डिज़ाइन)
- कंप्यूटर विज्ञान और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई)
- भाषाविज्ञान और मनोविज्ञान
- संचार एवं मीडिया अध्ययन
- सांख्यिकी एवं डेटा विश्लेषण

### यहां मिलेगी सफलता

**कम्युनिकेशन डिज़ाइन :** प्रभावी वाक्य संरचना और प्रतिक्रिया योजना
**उपयोगकर्ता व्यवहार की समझ :** बातचीत करने के तरीके समझना
**स्वर विश्लेषण और** भाषाई प्रसंस्करण (स्पीच प्रोसेसिंग एवं एनएलपी)
**डिज़ाइन उपकरणों** का उपयोग जैसे वौइस् फ्लो, फिगमा, डायलॉगफ़्लो
**डेटा विश्लेषण** एवं उपयोगकर्ता परीक्षण

### प्रमुख शैक्षणिक संस्थान और पाठ्यक्रम

**सरकारी संस्थान**

1. **भारतीय** प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), बॉम्बे
ह्यूमन कंप्यूटर इंटरेक्शन और डिज़ाइन में स्नातकोत्तर
2. **भारतीय** सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईआईटी), हैदराबाद
**पाठ्यक्रम:** एनएलपी और मशीन लर्निंग में एम.टेक
3. **भारतीय** विज्ञान संस्थान (आईआईएससी), बेंगलुरु
**पाठ्यक्रम:** कंप्यूटर साइंस एंड नेचुरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग में अनुसंधान कार्यक्रम
4. **जवाहरलाल** नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू), नई दिल्ली
**पाठ्यक्रम:** लैंग्वेज इंटरफ़ेस में एम.ए./एम.फिल
5. **भारतीय** जन संचार संस्थान (आईआईएमसी), नई दिल्ली
**पाठ्यक्रम:** डिजिटल मीडिया और कम्युनिकेशन डिज़ाइन में

**निजी संस्थान**

1. **पर्ल अकादमी,** नई दिल्ली/मुंबई
**पाठ्यक्रम:** डिजिटल इंटरफ़ेस डिज़ाइन में स्नातक कार्यक्रम
2. **एमिटी** विश्वविद्यालय, नोएडा
**पाठ्यक्रम:** यूजर इंटरफेस एवं डिज़ाइन में बी.डिज़ाइन
3. **मणिपाल** प्रौद्योगिकी संस्थान, कर्नाटक
**पाठ्यक्रम:** कंप्यूटर विज्ञान और आर्टिफ़ीसियल इंटेलिजेंस में बी.टेक
4. **सिम्बायोसिस** इंस्टीट्यूट ऑफ डिज़ाइन, पुणे
**पाठ्यक्रम:** वौइस् और इंटरफ़ेस डिज़ाइन में स्नातक कोर्स
5. **अपग्रेड** (ऑनलाइन), गूगल प्रमाणन के साथ
**पाठ्यक्रम:** वौइस् बेस्ड इंटरफ़ेस डिज़ाइन और यूजर एक्सपीरियंस में सर्टिफिकेट कोर्स

### आवश्यक कौशल

वॉइस यूज़र इंटरफ़ेस डिज़ाइनर बनने के लिए तकनीकी दक्षता के साथ-साथ संवाद कौशल, रचनात्मकता और उपयोगकर्ता की सोच को समझने की क्षमता भी आवश्यक होती है। इस पेशे में आपको मशीन को इंसानों की तरह सोचने और बोलनेर लायक बनाना होता है, इसलिए संवाद संरचना, उपयोगकर्ता अनुभव डिज़ाइन, और मशीन लर्निंग जैसे क्षेत्रों की जानकारी अनिवार्य है। इसके अलावा, अलग-अलग उपकरणों और सॉफ़्टवेयर का प्रयोग, उपयोगकर्ता परीक्षण, और बहुभाषी इंटरफ़ेस डिज़ाइन करने की क्षमता भी इस क्षेत्र में सफलता दिला सकती है।

### योग्यता

**तकनीकी कंपनियां :** गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, अमेज़न, टाटा एलेक्सी
**ऑटोमोबाइल कंपनियां :** टेस्ला, महिंद्रा, टाटा मोटर्स
**स्वास्थ्य सेवाएं :** एआई हेल्थ स्टार्टअप्स जैसे 1 एमजी, पोर्टिया
**डिज़ाइन एजेंसियां :** टीसीएस इंटरएक्टिव, ओगिल्वी डिज़ाइन
**फ्रीलांस कार्य :** प्रोजेक्ट आधारित स्वतंत्र काम और परामर्शदाता सेवाएं

### वेतन और संभावनाएं

भारत में भी डिजिटलीकरण और बहुभाषी वॉइस असिस्टेंट्स की आवश्यकता को देखते हुए यह क्षेत्र भविष्य में अपार संभावनाएं प्रदान करता है। यदि आप तकनीकी विशेषज्ञता के साथ-साथ रचनात्मक और भाषाई सोच रखते हैं, तो यह क्षेत्र आपके लिए वैश्विक अवसरों के द्वार खोल सकता है। एक वॉइस यूज़र इंटरफ़ेस डिज़ाइनर के लिए निम्न प्रकार के वेतन एवं अवसर होते है।

- **प्रारंभिक वेतन:** 40,000 से 80,000 रुपये प्रतिमाह
- **मध्यम अनुभव (5 वर्षों तक):** 1,00,000 से 2,50,000 रुपये प्रतिमाह
- **वरिष्ठ स्तर:** 25 लाख से 40 लाख रुपये वार्षिक (कंपनियों और अनुभव पर निर्भर)
- **फ्रीलांसर:** प्रति प्रोजेक्ट 1 लाख से 5 लाख रुपये तक या 1,000 से 5,000 रुपये प्रति घंटा

---

# प्रेरणा का आधार बाहरी सामाजिक अपेक्षाओं में नहीं, बल्कि आत्म-जागरूकता में निहित



मोटिवेशनल

**डॉ. दिव्या तंवर**

आज की तेज़-रफ़्तार दुनिया में विद्यार्थियों के सामने न केवल शैक्षिक चुनौतियां हैं, बल्कि सामाजिक, भावनात्मक और मनोवैज्ञानिक दबाव भी हैं। प्रेरणा, जो कभी केवल "कड़ी मेहनत" और "लक्ष्य प्राप्ति" के इर्द-गिर्द घूमती थी, अब एक गहरे और समग्र दृष्टिकोण की मांग करती है। यह लेख विद्यार्थी प्रेरणा को एक नए, अनोखे नजरिए से देखता है, जो परंपरागत तरीकों से हटकर है और आत्म-खोज, रचनात्मकता, और आंतरिक शक्ति पर केंद्रित है। प्रेरणा का आधार बाहरी पुरस्कारों या सामाजिक अपेक्षाओं में नहीं, बल्कि आत्म-जागरूकता में निहित है। विद्यार्थियों को यह समझने की जरूरत है कि वे कौन हैं, उनकी रुचियां क्या हैं, और वे क्या हासिल करना चाहते हैं। यह प्रक्रिया एक डायरी लिखने, ध्यान करने, या अपने शौक को समय देने जैसी छोटी-छोटी गतिविधियों से शुरू हो सकती है।

## रुचियां और पढ़ाई हो सकते हैं एक-दूसरे के पूरक

उदाहरण के लिए, अगर कोई विद्यार्थी संगीत में रुचि रखता है, तो उसे गणित को संगीत की लय से जोड़कर समझाया जा सकता है। यह न केवल विषय को रोचक बनाता है, बल्कि विद्यार्थी को यह एहसास भी दिलाता है कि उसकी रुचियाँ और पढ़ाई एक-दूसरे के पूरक हो सकते हैं।

**असफलता को गले लगाना :** हमारे समाज में असफलता को अक्सर नकारात्मक रूप में देखा जाता है, लेकिन इसे प्रेरणा का एक शक्तिशाली स्रोत बनाया जा सकता है। विद्यार्थियों को यह सिखाना जरूरी है कि असफलता अंत नहीं, बल्कि एक नई शुरुआत है। इसके लिए शिक्षकों और अभिभावकों को "ग्रोथ माइंडसेट" को प्रोत्साहित करना चाहिए। यह दृष्टिकोण विद्यार्थियों को विश्वास दिलाता है कि मेहनत और अभ्यास से वे बेहतर हो सकते हैं।

**एक मजेदार गतिविधि हो सकती है:** विद्यार्थियों से उनकी "सबसे बड़ी असफलता" की कहानी लिखने को कहें और फिर उससे क्या सीखा, यह साझा करने को कहें। यह न केवल उन्हें आत्म-विश्लेषण करने में मदद करता है, बल्कि उनके अंदर यह विश्वास भी जगाता है कि हर चुनौती एक अवसर है।

**रचनात्मकता को प्रेरणा का ईंधन बनाना:** पारंपरिक प्रेरणा तकनीकें जैसे टाइम-टेबल बनाना या इनाम की उम्मीद करना अब पुरानी पड़ चुकी हैं। आज के विद्यार्थी रचनात्मकता से प्रेरित होते हैं।

## समुदाय और सहयोग की शक्ति

प्रेरणा केवल व्यक्तिगत नहीं होती; यह सामूहिक भी हो सकती है। जब विद्यार्थी एक-दूसरे के साथ सहयोग करते हैं, तो वे न केवल नई चीज़ें सीखते हैं, बल्कि एक-दूसरे को प्रेरित भी करते हैं। समूह प्रोजेक्ट्स, पीयर-टू-पीयर शिक्षण, या क्लब गतिविधियाँ विद्यार्थियों में यह भावना जगाती हैं कि वे अकेले नहीं हैं। स्कूलों में "प्रेरणा सर्कल" बनाए जा सकते हैं, जहाँ विद्यार्थी सप्ताह में एक बार इकट्ठा होकर अपनी उपलब्धियाँ, चुनौतियाँ, और सपने साझा करें। यह न केवल उन्हें भावनात्मक समर्थन देता है, बल्कि एक सकारात्मक और प्रेरणादायक माहौल भी बनाता है।

**प्रेरणा का रखरखाव:** छोटे कदम, बड़े सपने प्रेरणा को बनाए रखने के लिए बड़े लक्ष्यों को छोटे-छोटे कदमों में तोड़ना जरूरी है। विद्यार्थियों को यह सिखाना चाहिए कि हर छोटी उपलब्धि मायने रखती है। उदाहरण के लिए, अगर कोई विद्यार्थी बोर्ड परीक्षा की तैयारी कर रहा है, तो उसे हर अध्याय पूरा करने के बाद खुद को बधाई देने के लिए प्रोत्साहित करें। यह छोटी जीतें आत्मविश्वास को बढ़ाती हैं और लंबे समय तक प्रेरणा बनाए रखती हैं। साथ ही, विद्यार्थियों को यह भी याद दिलाना चाहिए कि प्रेरणा का मतलब हर समय उत्साहित रहना नहीं है। कुछ दिन आलस भरे हो सकते हैं, और यह ठीक है। ऐसे समय में खुद के साथ दयालु होना और धीरे-धीरे वापस लय में आना महत्वपूर्ण है।

## सामान्य ज्ञान

**1.** किस हिमालय चोटी को सागरमाथा कहते हैं ?
(ए) नंगा पर्वत
(बी) धौलागिरि
(सी) माउंट एवरेस्ट
(डी) कंचनजंघा

**2.** एडमंड हिलेरी तथा तेनजिंग नोर्गे द्वारा विश्व की सर्वोच्च पर्वत चोटी माउंट एवरेस्ट पर सबसे पहले किस वर्ष विजय प्राप्त की गई ?
(ए) 1898 ई. में
(बी) 1953 ई. में
(सी) 1957 ई. में
(डी) 1969 ई. में

**3.** नंदा देवी चोटी है -
(ए) असम हिमालय का भाग
(बी) कुमायूं हिमालय का भाग
(सी) नेपाल हिमालय का भाग
(डी) पंजाब हिमालय का भाग

**4.** हिमालय पर्वत की एक श्रेणी अराकानयोमा कहाँ स्थित है ?
(ए) बलूचिस्तान
(बी) म्यांमार
(सी) नेपाल
(डी) थाईलैंड

**5.** जम्मू-कश्मीर में स्थित निम्नलिखित पर्वत श्रेणियों का पूर्व से पश्चिम की और क्रम होगा 1. जास्कर श्रेणी 2. पीरपंजाल श्रेणी 3. काराकोरम श्रेणी 4. लद्दाख श्रेणी
(ए) 4,3,1,2
(बी) 2,1,3,4
(सी) 3,4,1,2
(डी) 1,2,3,4

**6.** भारत की सर्वोच्च पर्वत श्रेणी कौन - सी है ?
(ए) गॉडविन ऑस्टिन
(बी) कंचनजंघा
(सी) नंदा देवी
(डी) एवरेस्ट

**7.** कुल्लू घाटी निम्नलिखित पर्वत श्रेणियों के बीच अवस्थित है -
(ए) धौलाधार तथा पीरपंजाल
(बी) रणज्योति तथा नागटिब्बा
(सी) लद्दाख तथा पीरपंजाल
(डी) मध्य हिमालय तथा शिवालिक

**8.** उत्तराखंड का सबसे ऊँचा पर्वत शिखर है -
(ए) बद्रीनाथ
(बी) केदारनाथ
(सी) कामेत
(डी) नंदादेवी

**उत्तर** 1.(सी) 2.(बी) 3.(बी) 4.(बी) 5.(सी) 6.(ए) 7.(ए) 8.(डी)

## खबर संक्षेप

### नुक्कड़ नाटक रहा आकर्षण का केंद्र

**सोनीपत।** हैप्पी चाइल्ड कॉलेज ऑफ नर्सिंग, महलाना रोड में शुक्रवार को मेंटल हेल्थ अवेयरनेस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. संदीप अंतिल (मनोचिकित्सक), नमिता, शिल्पी और ज्योति रहे। कार्यक्रम की शुरुआत फ्लोरेंस नाइटिंगेल की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन से की गई। कार्यक्रम मेंभाषण प्रतियोगिता एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, लेकिन इसका मुख्य आकर्षण नुक्कड़ नाटक रहा। जिसका विषय था अवसाद था। संस्था के चेयरमैन नरेंद्र बाल्यान ने सभी विद्यार्थियों को संबोधित करते कहा कि उन्हें समाज में फैली बुराइयों से बचते हुए अपने लक्ष्य को निर्धारित कर आगे बढ़ना है।

### गुरु शंकराचार्य के चित्र पर पुष्पार्पित कर श्रद्धांजलि दी

**गोहाना।** शनिवार को शहर के मुख्य बाजार स्थित सनातन धर्म मंदिर में आदि शंकराचार्य की जयंती मनाई गई। समारोह में नागरिकों ने आदि गुरु शंकराचार्य के चित्र पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी। मुख्य अतिथि मंदिर सभा के अध्यक्ष संजय मेहंदी रत्ता ने कहा जगतगुरु आदि शंकराचार्य भारत के महान दार्शनिक एवं धर्म प्रवर्तक योगी थे। उनका जन्म 788 ई. में केरल के कलाड़ी गांव में हुआ थाा। 12 वर्ष की आयु में उन्होंने संन्यास लेकर घर छोड़ दिया था और भारत के चारों कोनों में चार मठों की स्थापना की। शंकराचार्य ने अद्वैत वेदांत के दर्शन को स्थापित किया तथा हिंदू धर्म को पुनर्जीवित करने और व्यवस्थित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### राष्ट्र सेवा एवं नेतृत्वों के मूल्यों की दी जानकारी

**सोनीपत।** गेटवे एजुकेशन, सोनीपत में 12 हरियाणा बटालियन एनसीसी द्वारा दस दिवसीय एनसीसी कैंप का वीरवार को शुभारंभ किया गया। यह कैंप बटालियन का सोनीपत जिले में 112वां कैंप है, जो 10 मई तक चलेगा। शिविर में सोनीपत, गोहाना, पानीपत, खरखौदा, समालखा एवं गन्नौर क्षेत्र के विभिन्न सरकारी एवं निजी स्कूलों व कॉलेजों से कुल 523 एनसीसी कैडेट्स भाग ले रहे हैं। इसके साथ ही कैंप में 22 एनसीसी अधिकारी, 6 जूनियर कमीशंड ऑफिसर, 12 नॉन कमीशंड ऑफिसर तथा 8 नागरिक कर्मचारी तैनात हैं, जो शिविर संचालन में सहयोग प्रदान कर रहे हैं।

# जीवन में व्यक्तिगत विकास के साथ राष्ट्र सेवा का अवसर प्रदान करती सेना में सेवा : मेजर जनरल

**प्रेरणा प्रसार कार्यक्रम का आयोजन किया गया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

सेना भर्ती क्षेत्र अंबाला के अतिरिक्त महानिदेशक मेजर जनरल केपी सिंह ने कहा कि भारतीय सेना जीवन में बेजोड़ गुणवता वाला एक महान पेशा है जो व्यक्तिगत विकास के साथ राष्ट्र सेवा का अवसर प्रदान करता है। हरियाणा खासकर मोतीलाल नेहरु स्कूल ऑफ स्पोर्ट्स राई, सोनीपत ने भारतीय सेना को कई महान तथा सीनियर ऑफिसर प्रदान किये हैं। शुक्रवार को इसी विरासत को आगे बढ़ाने के लिए एमएनएसएस राई में सेना भर्ती क्षेत्र, अम्बाला द्वारा प्रेरणा प्रसार कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

**विभिन्न विकल्पों के बारे में जानकारी दी**

जिसकी अगुवाई सेना भर्ती क्षेत्र अंबाला के अतिरिक्त महानिदेशक विशिष्ट सेवा मैडल मेजर जनरल केपी सिंह ने की जो खुद 1978 से 1984 तक एमएनएसएस राई के पूर्व छात्र हैं। सेना भर्ती कार्यालय, शिमला की भर्ती निदेशक कर्नल पुश्विंदर कौर ने स्कूल के छात्रों के साथ 12वीं कक्षा के बाद एक अधिकारी के रूप में पोस्ट ग्रेजुएशन तक और यहां तक की डॉक्टर, इंजीनियर, वकील तथा शिक्षक के रूप में भारतीय सेना में शामिल होने के कई तरीकों पर विचार विमर्श किया। उन्होंने खास तौर पे युवतियों को भारतीय सेना में अधिकारी बनने के विभिन्न विकल्पों के बारे में भी जानकारी दी। तत्पश्चात मेजर जनरल केपी सिंह, विशिष्ट सेवा मैडल ने एमएनएसएस राई के छात्रों को अपने निजी जीवन के उदाहरणों से प्रेरित किया।



राई। सेना भर्ती क्षेत्र अंबाला के अतिरिक्त महानिदेशक मेजर जनरल केपी सिंह का सम्मान करते हुए।

**भारतीय सेना जैसे अमूल्य प्रोफेशन को प्रोत्साहित किया**

भारतीय सेना जैसे अमूल्य प्रोफेशन के लिए प्रोत्साहित किया। स्कूल में बनाई शिक्षा तथा खेल कूद सुविधाओं की सराहना की। एमएनएसएस राई की प्रिंसिपल मोशमी घोषाल ने छात्रों को प्रेरित करने और करियर के ऐसे शानदार विकल्पों के बारे में जानकारी देने के लिए मेजर जनरल केपी सिंह, विशिष्ट सेवा मैडल, कर्नल पुश्विंदर कौर, भर्ती निदेशक, सेना भर्ती कार्यालय, शिमला तथा कर्नल गौतम चौहान, भर्ती निदेशक, सेना भर्ती कार्यालय, रोहतक का आभार जताया।

## एसडीएम मिनी सचिवालय का किया निरीक्षण

# बिजली आपूर्ति ठीक कर लाइट लगाने और शौचालयों की सफाई के आदेश

**सौंदर्यीकरण के लिए पौधे लगाने व खाली पड़ी जगह की सफाई कराने के नगरपालिका सचिव को आदेश दिए**

**एसडीओं को आदेश दिए कि जल्द ही दोबारा से निरीक्षण कर जायजा लेंगे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

मिनी सचिवालय में सौंदर्यीकरण व व्यवस्थाओं व संबंधित कार्यों के लिए आने वाले लोगों की जारूकता को लेकर एसडीएम प्रवेश कादियान ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ भवन व परिसर का दौरा कर दिशा निर्देश दिए। एसडीएम कादियान ने सबसे सचिवालय के नए व पुराने भवन के आगे परिसर में पानी निकासी व्यवस्था को लेकर जनस्वास्थय विभाग के अधिकारियों व निर्माणाधीन तहसीलदार के आवासीय भवन का निरीक्षण कर शीघ्र पूरा करने के लिए सड़क एवं भवन निर्माण विभाग के एसडीओ अनिल चहल को आदेश दिए और सचिवालय में प्रवेश करते समय बाई तरफ दिवार करने के बाद सौन्दर्यकरण के लिए पौधे लगाने व खाली पड़ी जगह की सफाई कराने के नगरपालिका सचिव को आदेश दिए। इसके बाद पुराने सचिवालय भवन में निरीक्षण के बाद रंग- रोगन कराने व अन्दर सभी कमरों व गैलरी में बिजली आपूर्ति ठीक कर लाईट लगाने व शौचालयों की बेहतर ढंग से साफ सफाई के आदेश दिए। एसडीएम प्रवेश कादियान पीडब्ल्यूडी के एसडीओं को आदेश दिए कि वे जल्दी ही दोबारा से निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेंगे। इसके अलावा नए सचिवालय भवन में डाकघर खोलने व एटीएम मशीन लगाने के लिए जगह को चयनित किया।



**सभी इंट्री गेट और कामों पर सीसीटीवी की निगरानी रहेगी**

सचिवालय में आने वाले लोगों को कोई परेशानी न हो और निगरानी होती रहे। इसके लिए सचिवालय में सीसीटीवी इन्ट्री गेट पर लगा दिए और जहां रह गए है। उन्हें जल्दी लगाने के आदेश दिए। एसडीएम ने चेताया कि अगर सीसीटीवी में कोई कर्मचारी आम जनता के कामों में ढील करते दिखाई देगा तो कार्रवाई होगी। कर्मचारी अपनी जिम्मेदारी से डयूटी जनता का सेवक समझकर करे।

**फीस के बड़े बैनर लगाने के आदेश**

एसडीएम प्रवेश कादियान निरीक्षण के दौरान तहसील में लाईसैंस, इंतकाल आदि कार्यों के प्रति सख्त नजर आए, एसडीएम ने परिसर में सभी टाईपिस्टों के खोखे पर संबधित काम की फीस के रेट लगाने के आदेश दिए और कहा कि पिछल्ले दिनों आदेश के बाद भी कूछ कमी मिली है, इसके अलावा सरल केन्द्र में सभी जगहों पर केन्द्र से संबधित कामों की फीस के बैनर लगाने के आदेश दिए कि लोगों को पता लगे कि उनसे नियम अनुसार ही फीस वसुल की जा रही है। वहीं लोगों से भी अपील की वे लाईसैंस, इंतकाल व सरलकेन्द्र के काम सीधे आकर करवाए, अगर कोई कर्मचारी दिक्कत करता है तो उन्हें अवगत करवाएं, उनका प्रयास है कि फीस से ज्यादा किसी का एक भी रूपया नही लगना चाहिए। एसडीएम प्रवेश कादियान निरीक्षण के दौरान तहसील में लाईसैंस, इंतकाल आदि कार्यों के प्रति सख्त नजर आए, एसडीएम ने परिसर में सभी टाईपिस्टों के खोखे पर संबधित काम की फीस के रेट लगाने के आदेश दिए।



गन्नौर। एसडीएम प्रवेश कादियान सचिवालय परिसर व सरल केन्द्र का निरीक्षण करते हुए। फोटो :हरिभूमि



सोनीपत। डिस्पोजल की जांच करते मेयर राजीव जैन। फोटो :हरिभूमि

# दो मोटरों पर नहीं मिली तार जनरेटर की बैटरी थी डाउन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

नगर निगम मेयर राजीव जैन ने सीवर डिस्पोजल का दौरा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि बरसात से पहले छोटी मोटी खामियां दूर करें ताकि जलभराव की समस्या ना हो। ड्रेन नंबर 6 पर नए आईपीएस पर दो मोटरों की तार नहीं थी और जनरेटर की बैटरी डाउन है उन्हें ठीक करवाया जाये। राजीव जैन ने आदर्श नगर, शिव कालोनी तथा चावला कॉलोनी के डिस्पोजल तीन महीने के लिये दोबारा शुरू किये जाने बारे कहा ताकि बरसात में आने वाले ज्यादा पानी को ड्रेन नंबर 6 में डाला जा सके। कुछ समय पहले डिस्पोजल बंद कर दिए गए थे। उन्होंने ओल्ड डीसी रोड स्थित डिस्पोजल पर जाकर देखा कि एक मोटर खराब है, चेंज ओवर स्विच ना होने से डायरेक्ट चलानी पड़ती है जिससे फेज बदलने में भी परेशानी होती है। मेयर ने राठधना रोड स्थित सीवेरज ट्रीटमेंट प्लांट का भी दौरा किया, जनरेटर सहित सारी व्यवस्थाएं जांची। अधिकारियों को निर्देश दिए कि गंदे पानी के कुँओं में पांच फीट से ज्यादा सिल्ट जमा हो चुकी है जिसे निकलवाने का प्रबंध किया जाये। इसके बाद खाटूश्याम मंदिर के पास स्थित डिस्पोजल और ककरोई रोड स्थित सीवेरज ट्रीटमेंट प्लांट का भी दौरा किया।

**सफाई के निर्देश**

राजीव जैन ने बताया कि बरसात का मौसम शुरू होने से पहले मोटरें ठीक होंगी और वैकल्पिक व्यवस्थाएं रखी जाएंगी तभी परेशानी कम होगी। उन्होंने शनि मंदिर स्थित पम्प हाउस के हालात देखे और पाया कि टैंक में कूड़ा जमा हो चूका है जिसे तुरंत निकालने के निर्देश दिए तथा शम्भु दयाल डिस्पोजल की भी जांच की।

# ग्लोबल क्रिकेट अकादमी ने 202 रन से जीती प्रतियोगिता

- गन्नौर में राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

गोहाना-खानपुर कलां मार्ग स्थित ग्लोबल पब्लिक स्कूल की क्रिकेट अकादमी की टीम ने राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल करके ट्राफी कब्जा ली।

शनिवार को स्कूल लौटने पर विजेता टीम के खिलाडि़यों को सम्मानित किया गया। समारोह की अध्यक्षता स्कूल के एमडी पंकज जाले ने की। संयोजन प्राचार्या प्रीति शर्मा का रहा। जन चेतना क्रिकेट क्लब, गन्नौर में 16 वर्ष से कम आयु वर्ग के युवाओं के लिए द्वितीय क्रिकेट टूर्नामेंटः 2025 आयोजित की गई। ग्लोबल क्रिकेट अकादमी की टीम ने प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में पानीपत क्रिकेट अकादमी की टीम को 202 रन से पराजित करके ट्राफी कब्जा ली। विजेता टीम ने पहले बल्लेबाजी करते 50 ओवर में 311 रनों का लक्ष्य रखा। खिलाड़ी अभिनव जांगड़ा ने 89 रन, प्रवेश नरवाल ने 105 रन व यश मलिक ने 24 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए पानीपत क्रिकेट अकादमी की टीम 109 रनों पर सिमट गई।



गोहाना। ग्लोबल क्रिकेट अकादमी की विजेता टीम के खिलाड़ी अपने गुरुजनों के साथ।



खरखौदा। प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

**बोतल गतिविधि प्रतियोगिता हुई**

**खरखौदा।** दिल्ली मार्ग पर स्थित जेबीएच सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शुक्रवार को बोतल गतिविधि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा पहली से कक्षा पांचवी तक के बच्चों ने भाग लिया। घोषित परिणाम के अनुसार टीम बी से विधि ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में बच्चों को खेल व उससे संबंधित अनेक गतिविधियों का पता चला। इस मौके पर प्रधानाचार्या सुमन दहिया ने विजेता विद्यार्थियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। कविता पांचाल, पलक शुक्ला, कविता गर्ग, प्रीति दहिया, मंजू दहिया, पूजा दहिया, अलीशा दहिया, ज्योति, आशीष छिकारा, आकाश, अचित्रा आदि अध्यापक मौजूद रहे।

# गोहानाः कन्या गुरुकुल विद्यालय में अलंकरण समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

भगत फूल सिंह महिला विवि के कन्या गुरुकुल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार कोा अलंकरण समारोह आयोजित किया । समारोह में स्कूल की विधार्थी कार्यकारिणी परिषद गठित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या सुमिता सिंह ने की। प्राचार्या ने कार्यकारिणी के सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाई। कार्यकारिणी परिषद में प्रत्येक सदन से छात्राओं को उनके शैक्षणिक व सह पाठ्यक्रम गतिविधियों में योगदान के आधार पर मनोनीत किया गया। चयन साक्षात्कार प्रक्रिया के माध्यम से पूर्ण किया । परिषद में कक्षा 12वीं विज्ञान संकाय की छात्रा वंशिका को कैप्टन, कक्षा 12वीं कला संकाय की छात्रा अंजलि को वाइस कैप्टन और कक्षा 12वीं विज्ञान संकाय की छात्रा अंतिम को स्पोर्ट्स कप्तान चुना गया। इसके अलावा सदन अनुसार ब्रह्मपुत्र सदन से खुशी को कैप्टन व अंशु को वाइस कैप्टन, गंगा सदन से नैंसी को कैप्टन व अरुण तंवर को वाइस कैप्टन, कावेरी सदन से अंशु को कैप्टन व नंदिनी को वाइस कैप्टन, नर्मदा सदन से अंशिका को कैप्टन व वंशिका को वाइस कैप्टन चुना गया।



गोहाना। विद्यार्थी कार्यकारिणी परिषद की प्रतिनिधि छात्राएं अपनी शिक्षिकाओं के साथ।

# विधायक ने युवाओं से रक्तदान जरूर करने का आह्वान किया

- राई हलके में केन्द्रीय मंत्री के जन्मदिन पर 5 स्थानों पर रक्तदान शिविर लगेगा

हरिभूमि नयूज ▶▶| राई

केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल के 71वे जन्मदिन पर राई हलका विधायक कृष्णा गहलावत के नेतृत्व में 5 मई को मनोहर रक्तदान शिविर हल्का राई में 5 स्थानों पर आयोजन किया जाएगा। गहलावत ने बताया कि जिला भाजपा कार्यालय में जिला अध्यक्ष अशोक भारद्वाज, मुरथल मंडल अध्यक्ष विकास कौशिक मुरथल में, नाहरी मंडल अध्यक्ष बेदपाल शास्त्री मंडल अध्यक्ष, जखौली मंडल शेखर अंतिल मंडल अध्यक्ष, कुण्डली मंडल इंद्र सिंह चौहान मंडल अध्यक्ष रक्तदान शिविर की व्यवस्था में जुटे हुए है। विधायक गहलावत ने युवाओं से आह्वान किया कि वे रक्तदान जरूर करे, रक्तदान महादान है। आपके द्वारा किया गया रक्तदान किसी जरूरतमंद का जीवन बचाने में मदद करता है। गहलावत ने कहा कि हमें केन्द्रीय मंत्री के जन्मदिन को रक्तदान शिविर का आयोजन करके मनाना है।



विधायक कृष्णा गहलावत जानकारी देते हुए।

# पहलगांव के दिवंगतों की याद में अंबेडकर पार्क में 30 पौधे रोपे, देखभाल का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

हर पेड़ एक जीवन, हर पौधा एक श्रद्धांजलि। इसी प्रेरणा के साथ शुक्रवार को खरखौदा के अंबेडकर पार्क में भावपूर्ण पौधारोपण किया गया। जिसमें पहलगांव में शहीद हुए वीरों व दिवंगत आत्माओं को नमन करते हुए 30 पौधे रोपे गए। इस आयोजन में तिरंगा युवा समिति, यूथ ग्रुप खरखौदा, सालासर बालाजी गऊ उपचार केंद्र एवं संरक्षण समिति ( गौ रक्षा दल खरखौदा) ने सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों व सामाजिक कार्यकर्ताओं की गरिमामय उपस्थिति रही। उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों में विधायक पवन खरखौदा, पालिका पार्षद सीताराम सैनी, गोपाल सैनी, रक्तवीर कमांडो आशीष दहिया के नाम शामिल हैं। पर्यावरण योद्धा फॉरेस्ट मैन राजपाल छिक्कारा ने इस पावन अवसर पर पौधे उपलब्ध करवा कर कार्यक्रम को सार्थकता प्रदान की। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा, शहीदों व दिवंगत आत्माओं को यह हरियाली हमारी ओर से एक जीती-जागती श्रद्धांजलि है। ये पौधे आने वाली पीढ़ियों को न केवल पर्यावरण की अहमियत सिखाएंगे, बल्कि त्याग व समर्पण की मिसाल भी बनेंगे।

उपस्थित जनों ने रोपे गए पौधों की नियमित देखभाल करने का संकल्प लिया। बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों की सामूहिक भागीदारी से वातावरण में उत्साह और समर्पण की भावना स्पष्ट दिखाई दी। तिरंगा युवा समिति से नवीन खांडा व संजय खांडा, यूथ ग्रुप खरखौदा से एडवोकेट ललित सैनी, हरविंद्र व प्रमोद सरोहा,गौ रक्षा दल खरखौदा से केशव कौशिक सिसाना, प्रतीक वशिष्ठ, सुनील सरोहा आदि सक्रिय सहभागी समूहों के प्रतिनिधि के तौर पर मौजूद रहे।



खरखौदा। पौधा रोपित करते विधायक व अन्य। फोटो :हरिभूमि

# गांव पलड़ी कलां में कुत्ता बांधने के लिए कहा तो कर दिया हमला

सोनीपत। पलड़ी कलां के ग्रामीण ने गांव के युवक पर कुत्ता बांधने की कहने के बाद हमला करने का आरोप लगाया है। ग्रामीण के साथ पत्नी व पोते को भी पीटा गया। ग्रामीण ईश्वर ने पुलिस को बताया कि उनके पड़ोसी सोनू ने कुत्ता पाल रखा है। वीरवार को सुबह जब बच्चे गली से स्कूल जा रहे थे तो सोनू का कुत्ता खुला हुआ था। सोनू को कुत्ता बांधने को कहा, जिस पर वह गाली-गलौज करने लगा और डंडे से उनके हाथ पर वार कर दिया। इसके बाद दीपक, अमित और सोनू घर में घुस आए और उनकी पत्नी प्रेमवती से गाली-गलौज करने लगे। जब उनके पोते नीरज उर्फ छोटू ने उन्हें गाली देने से मना किया तो आरोपी सोनू ने उनकी पत्नी व पोते को पीट दिया।




**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मदीना, खंड कथूरा, जिला सोनीपत की पंचायती भूमि की मिट्टी की खुली बोली दिनांक 05-05-2025 को सुबह 10 बजे पीर वाली चौपाल में होगी। शर्तें मौके पर सुनाई जाएंगी।

हस्ता/-सरपंच,
ग्राम पंचायत, मदीना

**खबर संक्षेप**

## डीजे के गाने पर विवाद दुकानदार पर हमला

**सोनीपत।** गांव चौहान जोशी में डीजे पर गाने को लेकर हुए झगड़े की रंजिश में एक दुकानदार पर छह युवकों ने जानलेवा हमला कर दिया। पीड़ित राजकिशन ने बताया कि हमलावरों ने उसे डंडों से पीटा और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। ग्रामीण राजकिशन ने पुलिस को बताया कि वह गांव में मोबाइल की दुकान चलाते हैं। 29 अप्रैल को उनके परिवार के युवक अमन की शादी थी। समारोह के दौरान डीजे पर गाने बजाने को लेकर अमन के दोस्त गांव के ही विक्की उर्फ भारत, संजू, साहिल, प्रिंस, गोलू और प्रियांशु से उनकी कहासुनी हो गई थी। उन्होंने मामले को लेकर पुलिस को भी कॉल कर दी थी।

## कृषि यंत्रों का भौतिक सत्यापन 6 व 7 को

**सोनीपत।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उप-निदेशक डॉ. पवन शर्मा ने बताया कि बताया कि फसल अवशेष प्रबंधन स्कीम 2024-25 के तहत कृषि यंत्रों की 70 प्रतिशत अनुदान राशि किसानों को जारी की जा चुकी है और बची हुई 30 प्रतिशत अनुदान राशि जारी करने के लिए उन कृषि यंत्रों का भौतिक सत्यापन किया जाएगा, जिनकी अनुदान राशि एक लाख से अधिक है। उन्होंने बताया कि बेलिंग मशीन, हे रेक व स्ट्रॉ रेक मशीन का भौतिक सत्यापन 06 मई तथा सुपर सीडर मशीन का भौतिक सत्यापन 07 मई को उपायुक्त की अध्यक्षता में गठित कमेटी द्वारा किया जाएगा। उप-निदेशक ने बताया कि राजीव गांधी विश्वविद्यालय राई के मेन गेट पर राई, मुरथल तथा सोनीपत ब्लॉक, खरखोदा ब्लॉक के कृषि यंत्रों का भौतिक सत्यापन का कार्य अनाज मण्डी में किया जाएगा। इसी प्रकार नई सब्जी मंडी गोहाना में गोहाना, मुंडलाना और कथूरा ब्लॉक के कृषि यंत्रों तथा गन्नौर ब्लॉक के कृषि यंत्रों का भौतिक सत्यापन अनाज मण्डी में किया जाएगा।

## पुरानी रंजिश में दंपती पर हमला, दर्जनों हमलावर

**सोनीपत।** गांव रेवली में पुरानी रंजिश को लेकर एक दंपती पर हमला कर दिया गया। पीड़िता का आरोप है कि 25 से अधिक हमलावरों ने उनके साथ मारपीट की। उनके पति के सिर में चाकू मारने की कोशिश की गई। जब पति को बचाने का प्रयास किया तो चाकू महिला के हाथ में लगा। मुरथल थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव रेवली निवासी सुदेश ने पुलिस को बताया कि वह अपने पति प्रदीप व बच्चों के साथ रहती हैं। उनके परिवार की गांव के ही रविंद्र के साथ पुरानी रंजिश है। महिला ने बताया कि 30 अप्रैल की दोपहर को वह परिवार के साथ घर पर थी। इसी दौरान रविंद्र, दिग्विजय, पूनम, सज्जन, अमन व गांव रायपुर निवासी आशीष, शाहपुर निवासी रवि, झील पुगसरा निवासी साहिल व कृष्णा तथा 15-20 युवक उनके घर पहुंचे। उन्होंने उनके व उनके पति के साथ गाली-गलौज करने के साथ ही मारपीट शुरू कर दी। आरोपियों के पास लाठी-डंडे और चाकू था। सुदेश ने आरोप लगाया कि हमलावरों ने प्रदीप पर डंडे से कई वार किए और उनमें से एक युवक ने चाकू से उनके पति के सिर पर हमले की कोशिश की।

### किसानों, नगर पालिका कर्मियों व पार्षद का प्रदर्शन

# किसानों की सीएम से पांच मांगें पूरी करने की मांग और सौंपा मांगपत्र

मांगों का जल्द समाधान नहीं करने पर आंदोलन की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। लघु सचिवालय के सामने रोष जताते किसान।



खरखौदा। एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए जिला पार्षद व अन्य।

भारतीय किसान नौजवान यूनियन के बैनर तले जिले के किसानों ने आज जिला मुख्यालय पर एकत्र होकर प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नाम एक मांगपत्र एसडीएम सोनीपत के माध्यम से सौंपा। ज्ञापन में किसानों ने पांच ज्वलंत मुद्दों को लेकर शीघ्र समाधान की मांग की है। किसानों ने प्रशासन को चेताया कि यदि इन मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन करने को विवश होंगे।

ज्ञापन में सबसे प्रमुख मांग रेलवे कॉरिडोर अधिग्रहण से जुड़ी है। वर्ष 2023 में सोनीपत जिले के 18 गांवों की भूमि का अधिग्रहण किया गया था, जिसके विरोध में किसानों ने आठ महीने तक आंदोलन किया। इसके परिणामस्वरूप तत्कालीन मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल खट्टर के आदेशानुसार एक कमेटी गठित की गई थी, जिसने मुआवजा बढ़ाने की सिफारिश की। कमिश्नर द्वारा आदेश जारी होने के बावजूद एक वर्ष बीत जाने के बाद भी किसानों को ब्याज सहित मुआवजा नहीं मिला है।

दूसरी मांग में किसानों ने आगजनी से नष्ट हुई गेहूं की फसल के लिए 50,000 प्रति एकड़ मुआवजा देने की बात कही है। किसानों का कहना है कि प्राकृतिक आपदाओं से फसल बर्बाद होने पर सरकार को तुरंत सहायता राशि घोषित करनी चाहिए।

तीसरी मांग में किसानों ने सरकार द्वारा कलेक्टर रेट पर लगाई गई रोक को हटाने की मांग की है। उनका कहना है कि बढ़े हुए कलेक्टर रेट लागू न होने से उन्हें अधिग्रहण के मामलों में न्यायोचित मुआवजा नहीं मिल पा रहा। साथ ही यह भी मांग की गई कि किसी भी सरकारी परियोजना से पहले किसानों को उचित मुआवजा देना सुनिश्चित किया जाए।

चौथी मांग में नहरी पानी की अनुपलब्धता पर चिंता जताई गई है। खरीफ की बुआई का समय शुरू हो गया है, लेकिन किसानों को सिंचाई के लिए नहरी पानी नहीं मिल रहा है, जिससे फसल की तैयारी प्रभावित हो रही है।

अंतिम मांग में किसानों ने मंडी भुगतान में हो रही देरी का मुद्दा उठाया। विशेषकर फरमाना मंडी के किसानों को अभी तक गेहूं की पेमेंट नहीं मिली है। किसानों ने सरकार से मांग की है कि उनकी फसलों की समय पर पेमेंट सुनिश्चित की जाए। किसानों के प्रतिनिधियों ने सरकार से आग्रह किया है कि इन सभी मुद्दों पर शीघ्र संज्ञान लिया जाए, अन्यथा वे सामूहिक आंदोलन करने को विवश होंगे।

### रोहिंग्या और बांग्लादेशियों की हो जांच

**खरखौदा।** जिला पार्षद मनजीत उर्फ भोला व उनके साथियों ने शुक्रवार को एसडीएम निर्मल नागर को ज्ञापन दिया। जिसमें कहा गया है कि उनका समूह जेएससार इस बारे में स्वतः ही सक्रिय है। उन्हें पता चला है कि बरोना रोड, सांपला रोड, कुलदीप नगर व शहर के अन्य हिस्सों में अवैध रूप से रोहिंग्या मुसलमान और बांग्लादेशी नागरिक रह रहे हैं। वो सरकारी जगहों फुटपाथ व नगरपालिका आदि की जमीनों पर टेंट लगाकर न केवल अवैध रूप से रह रहे हैं बल्कि अपना आधार कार्ड बनवाकर स्थानीय पहचान कायम कर रहे हैं। उन्होंने मांग की है कि एक कमेटी गठित करके जल्द से जल्द संदिग्धों की जांच की जाए। इस अवसर पर सतीश, मनोज, सुमित,विनोद, मंजीत, सचिन, पवन, नवीन आदि उपस्थित रहे।

### सफाई व अग्निशमन कर्मियों का प्रदर्शन

सोनीपत। शुक्रवार को नपा के सफाई व अग्निशमन कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर शहर में झाड़ू प्रदर्शन किया। उसके बाद उन्होंने नगर निगम कार्यालय पहुंचकर सरकार के नाम अपना मांगपत्र सौंपा। सफाई कर्मियों ने एसएमडब्ल्यू एप पर ऑनलाइन हाजिरी लगाने के आदेश का विरोध किया। राज्य प्रेस सचिव राजीव खत्री ने कहा कि सरकारी हरियाणा कौशल रोजगार निगम के कर्मचारियों की छंटनी न करें। संविदा कर्मियों को पक्का किया जाए। ठेका प्रथा बंद की जाएगी। इन्हीं मांगों को लेकर 16 मई को कर्मचारी क्रमिक अनशन करेंगे। 20 मई को केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर राष्ट्रव्यापी हड़ताल की जाएगी। प्रदर्शन की अध्यक्षता इकाई प्रधान भारत कंडेरा और संचालन इकाई सचिव राजाभाई ने किया। इस दौरान अग्निशमन विभाग के जिला प्रधान संदीप तूर, राजपाल, वीरेंद्र, नीतिन, विनोद शर्मा, सफाई कर्मचारी भारत बोहत, सन्नी, त्रिलोक, महिला सब कमेटी की प्रधान कमलेश, कांता, गीता, कविता भी मौजूद रहे।



विजेताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करते हुए शिक्षकगण।

## वेस्ट बैग और डेकोरेशन में झलकी कला प्रतिभा

■ शेर सिंह पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

शहर में सोनीपत मार्ग स्थित शेर सिंह पब्लिक स्कूल में बेस्ट बैग व नोटबुक डेकोरेशन प्रतियोगिता करवाई गई। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी कला प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विजेताओं को स्कूल के चेयरमैन महेंद्र सिंह मलिक ने सम्मानित किया। अध्यक्षता प्राचार्य कुलदीप देशवाल ने की। संयोजन प्राथमिक शिक्षिका संगीता अरोड़ा का रहा।

प्रतियोगिता में कक्षा नर्सरी से कक्षा दूसरी तक के विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की। यूकेजी कक्षा में नूतन प्रथम व दिवलीन द्वितीय स्थान पर रहे। कक्षा नर्सरी में कार्तिक प्रथम, शौर्य व लक्षित द्वितीय स्थान पर रहे। कक्षा एलकेजी में ओनिका प्रथम व जियांश द्वितीय, कक्षा केजी में अवीर प्रथम व तृषा द्वितीय, कक्षा पहली में वंश प्रथम, शिवांश व अरमान द्वितीय, कक्षा दूसरी में अंशुल प्रथम व हिया द्वितीय स्थान पर रही। विजेताओं को अशोक दांगी, वजीर सिंह, सुदेश सैनी, वीना शर्मा व सुमित रोहिल्ला ने अपना आशीर्वाद दिया।

### देश की अर्थव्यवस्था का आधार हैं श्रमिक : जगमहेंद्र

**गोहाना।** ग्राम सुधार समिति, खन्दराई द्वारा गांव खन्दराई में श्रमिक दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों को श्रमिक दिवस की जानकारी देते हुए देश की अर्थव्यवस्था में श्रमिकों के योगदान पर प्रकाश डाला गया। समिति के अध्यक्ष जगमहेंद्र ने कहा कि मजदूर किसी भी देश की अर्थव्यवस्था का आधार होते हैं। जब मजदूर मेहनत करता है तभी लोगों को खाने के लिए रोटी मिलती है। उनके अनुसार 1 मई की तिथि अमेरिकी श्रम महासंघ द्वारा संयुक्त राज्य अमेरिका में एक आम हड़ताल की याद में चुनी गई थी।

अमेरिका में यह हड़ताल 1 मई 1886 को शुरू हुई थी और शिकागो हेमार्केट मामले में समाप्त हुई थी। बाद में यह प्रदर्शन एक वार्षिक कार्यक्रम बन गया था। इसी के परिणामस्वरूप मजदूरों को दिन में 12 से 16 घन्टे की जगह 8 घन्टे काम करने तथा सप्ताह में एक दिन का अवकाश प्रदान करने का अधिकार मिला था। कार्यक्रम में बिट्टू कश्यप, राज सिंह, प्रवीण कुमार, सोनू,बली राम, कुलदीप और कृष्ण इत्यादि मौजूद रहे।

# लावारिस अस्थियों का विसर्जन व वस्त्र वितरण

■ सेफ इंडिया फाउंडेशन ने उठाई जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सेफ इंडिया फाउंडेशन द्वारा जिले के विभिन्न शमशान घाटों से एकत्रित तीन लावारिस अस्थियों का विधिपूर्वक हरिद्वार गंगा तट पर विसर्जन किया गया। गन्नौर से एक व सोनीपत के विभिन्न शमशानों से दो अस्थियां एकत्र की गईं। तड़के 5 बजे शिवमुक्ति धाम, तिरंगा चौक से यह यात्रा आरंभ हुई।



हरिद्वार में अंतिम संस्कार करवाते हुए प्रवीण वर्मा, नरेंद्र भूटानी एवं अन्य।

संस्था के उपप्रधान प्रवीण वर्मा, समाजसेवी नरेन्द्र भूटानी, सतीश बाल्यान और रविन्द्र शर्मा के साथ यह टोली रवाना हुई। संस्था के प्रधान संजय सिंगला व चेयरमैन वाईके त्यागी ने बताया कि यह सेवा हर महीने की पहली तारीख को नियमित रूप से की जाती है। आर्थिक कारणों से अस्थि विसर्जन न कर पाने वाले परिजनों के लिए भी निशुल्क सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। संस्था ने धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सूखे तुलसी व अन्य धार्मिक पौधों का गंगा में विसर्जन भी प्रारंभ किया है। कार्यक्रम के संयोजक दिनेश कुच्छल रहे। हरिद्वार में एकत्र किए गए पुराने वस्त्र वितरित किए गए।

# सॉफ्टवेयर में खराबी, नहीं हो पाए एक्स-रे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

नागरिक अस्पताल में शुक्रवार को एक्स-रे करवाने पहुंचें मरीजों को निराशा हाथ लगी। डिजिटल सॉफ्टवेयर में खराबी आने की वजह से मरीजों के एक्स-रे नहीं हो सके। जिसकी वजह से मरीजों को खाली हाथ वापस लौटना पड़ा।

बता दें कि जिला नागरिक अस्पताल में एक्स-रे मशीन में बार-बार खराबी आ रही है। कभी एक्स-रे मशीन का एक्सपोजर खराब हो जाता है तो कभी अन्य फाल्ट होने के कारण मरीजों को परेशानी होती है। नागरिक अस्पताल में रोजाना करीब 100 एक्स-रे किए जाते थे। वीरवार दोपहर अचानक डिजिटल सॉफ्टवेयर में खराबी आ गई थी। उसके बाद शुक्रवार को दिनभर मरीजों के एक्स-रे नहीं हो सके। जिसकी वजह से अस्पताल में आने वाले मरीजों को परेशानी हो रही है। अस्पताल प्रशासन के अवगत कराने के बावजूद उनकी परेशानी को दूर नहीं किया जा रहा है। रेडियोलॉजी अधिकारी ने डिजिटल सॉफ्टवेयर में तकनीकी खराबी आने की सूचना अस्पताल प्रबंधन को दी। प्रबंधन ने संबंधित कंपनी को इस संबंध में बताया। इंजीनियर के आने के बाद भी डिजिटल सॉफ्टवेयर की तकनीकी खराब को दूर किया जा सकेगा।

### इंजीनियर का इंतजार

डिजिटल सॉफ्टवेयर में खराबी आने के चलते एक्स-रे नहीं हो रहे है। वीरवार दोपहर बाद यह दिक्कत आई थी। कंपनी को अवगत कराने के बाद भी शुक्रवार को इंजीनियर ही नहीं आए। तकनीकी खराबी दूर होने के बाद ही मरीजों के एक्स-रे किए जा सकेंगे।

*राजेश दहिया, सीनियर रेडियोलॉजी अधिकारी, जिला नागरिक अस्पताल।*



## रक्तदान व पौधरोपण कर मनाया बेटे का छठा जन्मदिन, पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

■ मुरथल देवीलाल कॉलेज में कार्यकल का आयोजन

मुरथल के रहने वाले नरेश भारद्वाज ने वीरवार को अपने बेटे दियान भारद्वाज के छठे जन्मदिवस के शुभ-अवसर पर जरूरतमंद के लिए रक्तदान किया। इस दौरान उन्होंने देवीलाल कन्या महाविद्यालय मुरथल में त्रिवेणी सहित कुल पांच पौधे भी रोपित किए। सभी ने नारा दिया कि "पेड़ हैं तो सांस हैं " की विचारधारा को आत्मसात करते हुए इस मानसून में व्यक्तिगत रूप से 5 पौधे संरक्षण के वायदे के साथ लगाने का प्रण लिया।

# गुम 48 फोन मालिकों को सौंपे

■ साइबर सैल ने मालिकों को कार्यालय में बुलाया, गुम हुए फोन मिलने के बाद चेहरे पर दिखाई दी खुशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

साईबर सेल सोनीपत की टीम ने मार्च वा अप्रैल माह में 48 गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद किए जिसमें सभी कंपनियों के फोन शामिल हैं। ये सभी मोबाइल फोन शुक्रवार को साईबर सैल इंचार्ज उप निरीक्षक कमल सिह द्वारा अपने कार्यालय राई में फोन मालिकों को बुलाकर उनके हवाले किये गये है।

कमल सिंह ने बताया कि यह सभी मोबाइल फोन सीईआईआर (सेंट्रल इक्वीपमेंट आईडेंटी रजिस्टर) पोर्टल पर ऑनलाइन गुमशुदा होने बारे दर्ज किए गए थे। जिसको साईबर सेल सोनीपत की टीम द्वारा मार्च वा अप्रैल महीने में बरामद किया है।



मालिकों को उनके फोन लौटाते हुए कमल सिंह साथ में अन्य पुलिस कर्मी।

इस पोर्टल पर मोबाईल फोन के गुम होने बारे दर्ज करते ही ये फोन ब्लॉक हो जाते हैं। इन सभी मोबाईल फोनो की बाजार कीमत तकरीबन 15 से 16 लाख रुपए है।

# प्रवर्तन ब्यरो व मिमारपुर टीम की संयुक्त कार्रवाई

■ अवैध खनन रोकने के लिए चलाया विशेष अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिला खनन अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि जिला में गठित टीमें प्रतिदिन यमुना व जिला के अन्य क्षेत्रों में दिन-रात चैकिंग कर रही है ताकि कहीं भी अवैध खनन न हो सके। उन्होंने बताया कि हरियाणा राज्य प्रवर्तन ब्यूरो व मिमारपुर की संयुक्त टीम द्वारा गांव पलड़ा में अवैध खनन करते जेसीबी मशीन को काबू किया, जिसका मालिक संदीप पुत्र फुलकुंवार निवासी पलड़ा है। जेसीबी मशीन को टीम द्वारा पुलिस थाना बहालगढ़ में सीज कर दिया गया है। पकड़ी गई मशीन को जुर्माना भरने के उपरांत ही छोड़ा जाएगा।



अवैध खनन करते हुए पकड़ी गई जेसीबी के साथ पुलिस कर्मी।

### ईश्वर इंटरनेशनल स्कूल में सम्मान समारोह किया आयोजित

# स्विमिंग में जीते पदक, विजेताओं को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हरियाणा स्विमिंग एसोसिएशन अंबाला द्वारा टैलेंट हंट स्विमिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में त्रिशा 50 मीटर एफआर, 50 मीटर बीके, 50 मीटर बी-फ्लाई (1 स्वर्ण 2 कांस्य), विवान खत्री- 100 मीटर एफ/एस (1 कांस्य), इराज सेहरावत- 50 मीटर, 100 मीटर, 200 मीटर फ्रीस्टाइल (3 स्वर्ण), सर्वश्रेष्ठ तैराक लड़कों का ग्रुप ,अनव मलिक- 50 मीटर बटरफ्लाई, 50 मीटर, 100 मीटर बैकस्ट्रोक (3 स्वर्ण), युवराज- 50 मीटर, 100 मीटर बीआर (2 कांस्य), सोनित सरोहा- 50 मीटर बी-फ्लाई (1 रजत), दक्ष राठी- 50 मीटर, 100 मीटर बी-फ्लाई, 200 मीटर एफ/एस, (1 स्वर्ण, 2 रजत), अयानवीर खत्री- 50 मीटर एफ/एस, 50 मीटर बीके, 50 मीटर बी-फ्लाई (3 स्वर्ण) सर्वश्रेष्ठ तैराक बने।



ब्राइट स्कॉलर स्कूल में विजेता खिलाड़ियों के साथ प्राचार्या एवं अन्य।

लड़कियों में काव्या शर्मा- 50 मीटर, 100 मीटर बीआर (2 स्वर्ण), प्रांजल- 50 मीटर, 100 मीटर बी-फ्लाई, 100 मीटर एफ/एस (3 स्वर्ण), सर्वश्रेष्ठ तैराक लड़कियों का ग्रुप, देवांश कलसन, तेजस दहिया ने भाग लिया। ओवरऑल रनर अप ब्राइट स्कॉलर की टीम रही। प्राचार्या डॉ. किरण दलाल ने सभी विजेताओं को बधाई दी और उनके प्रशिक्षक नीरज के प्रयासों की भी सराहना की।

### विजय ने दुबई में भारत का बढ़ाया मान



गन्नौर। खेड़ी गुज्जर गांव के बाडी बिल्डर विजय दिवान ने दुबई में आयोजित जीपीबीआई दुबई एमेच्योर प्रो शो बाडी बिल्डिंग व पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में भारत का परचम लहराया। 27 से 29 अप्रैल तक आयोजित इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में 14 देशों के 200 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। विजय दिवान ने मेन फिजिक व क्लासिक फिजिक श्रेणी में स्वर्ण पद जीते, वहीं क्लासिक फिजिक ओवरआल में कांस्य पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया। विधायक देवेंद्र कादियान ने उन्हें इस उपलब्धी पर बधाई दी है। विजय दिवान वर्तमान में पुणे स्थित स्कोडा वोक्सवैगन कार प्लांट में कार्यरत हैं। कोच साहिल उप्पल व डा. प्रशांत मडाने का महत्वपूर्ण योगदान रहा। अभी वह क्रिस्टल जिम व एलएलए फिटनेस जिम में प्रशिक्षण लेते हैं। विजय ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता ओमप्रकाश-कृष्णा देवी, पत्नी मंजू दिवान व बेटी वैष्णवी को दिया। साथ ही विजय दीवान ने कंपनी के डीजीएम चंद्रशेखर म'जागी, अजय कावड़े, अविनाश गोसावी, एजीएम भूपेश चावला, विक्रम पंवार, सुबोध सिंह, आशीष का आभार जताया।

### इंडो नेपाल ताइक्वांडो में झटके 9 पदक

**गोहाना।** इंडों नेपाल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में बड़ौता गांव स्थित ईश्वर इंटरनेशनल स्कूल के खिलाड़ियों ने 9 पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। शनिवार को स्कूल लौटने पर एमडी अनिल मलिक और प्राचार्या उषा कौशिक ने पदक विजेताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। तेलंगाना के हैदराबाद स्थित जीएमसी बालयोगी स्पोट्र्स कंपलेक्स में 26 और 27 अप्रैल को इंडो नेपाल इंटरनेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप हुई। चैंपियनशिप में हरियाणा सहित कई राज्यों के खिलाड़ी शामिल हुए।

# 10 मई को होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

हरिभूमि न्यूज. सोनीपत

मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण (डीएलएसए) के सचिव प्रचेता सिंह ने बताया कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के अध्यक्ष वाणी गोपाल शर्मा के नेतृत्व में 10 मई को वर्ष 2025 की राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिला स्तर के अलावा गोहाना, गन्नौर खरखौदा न्यायिक परिसर में आपसी सहमति से कसों का निपटारा किया जाएगा।

